उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण)
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
खण्ड कार्यालय, बलरामपुर
झारखण्डी रेलवे स्टेशन रोड, निकट निदान अस्पताल, मोतीसागर (तुलसीपार्क), बलरामपुर

Email Id-
cdr_balrampur@yahoo.com

Mobile. No.
9151919684

पत्रांकः 1176 / अमन/16 / 24 दिनांकः 14/07/2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण),
लखनऊ।

**विषयः दैनिक भास्कर न्यूज पोर्टल पर दिनांकः 11.07.2026 को प्रकाशित समाचार " 110 पंचायतों में पेयजल योजना ठप, संस्था फरारः आधे–अधूरे काम से ग्रामीण परेशान, गड्ढों से हादसे" शीर्षक के सम्बन्ध में आख्या प्रेषण।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक भास्कर न्यूज पोर्टल पर दिनांकः 11.07.2026 को प्रकाशित समाचार " 110 पंचायतों में पेयजल योजना ठप, संस्था फरारः आधे–अधूरे काम से ग्रामीण परेशान, गड्ढों से हादसे " शीर्षक के सम्बन्ध में आप द्वारा दिए गए निर्देश के कम में जांच आख्या निम्नवत् है–

| कस | बिन्दु | आख्या |
|---|---|---|
| 01 | बलरामपुर के हरैया सतघरवा विकास खंड की 110 ग्राम पंचायतों में पाइप लाइन स्वच्छ पेयजल आपूर्ति योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। कार्यदायी संस्था काम अधूरा छोड़कर फरार हो गई है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नमामि गंगे परियोजना के तहत शुरू की गई थी, जिसका उद्देश्य हर घर को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना था। कमदी ग्राम पंचायत में मेसर्स दारा इको प्रोटेक्शन नामक संस्था ने दो वर्ष पूर्व 209.25 लाख रुपये की लागत से पानी टंकी का निर्माण कार्य शुरू किया था। प्रधान पवन कैराती के अनुसार, डेढ़ वर्ष बीत जाने के बाद भी नींव और बोर्ड लगाकर संस्था फरार हो गई है। मानक विहीन कार्य के कारण बुनियाद और चारदीवारी टूटकर जमींदोज हो गई है। जिम्मेदार अधिकारी भी इस कार्य का निरीक्षण करने नहीं आ रहे हैं। गांव में पाइप लाइन बिछाने के दौरान प्रमुख रास्तों को खोदकर जानलेवा गड्ढों में बदल दिया गया है। रात के अंधेरे में राहगीर इन गड्ढों में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो रहे हैं। दुखहरण, मायावती, मंजू, ननके हृदय राम, पितांबर और विनय कुमार जैसे कई ग्रामीण इन गड्ढों के कारण चोटिल हो चुके हैं। | प्रकाशित समाचार विकास खण्ड हरैया सतघरवा से सम्बन्धित है, इस विकास खण्ड के अन्तर्गत 83 नग पाइप पेयजल योजनाओं के माध्यम से कुल 110 नग ग्राम पंचायतों को आच्छादित किया जाना है। कार्यदायी फर्म मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो द्वारा 29 नग एवं मेसर्स दारा इको प्रोटेक्शन द्वारा 54 नग कुल 83 नग पेयजल योजनाओं का कार्य निर्माण कार्य कराया जा रहा है। वर्तमान में विकास खण्ड हरैया सतघरवा के अन्तर्गत कुल 56 नग ओ०एच०टी० का कार्य पूर्ण कर 32 नग योजनाओं से 15354 घरों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है।<br>कार्यदायी फर्म मेसर्स दारा इको प्रोटेक्शन (जे०वी०) द्वारा विकास खण्ड हरैया के ग्राम पंचायत कमदी को पेयजल योजना से आच्छादित किया जाना है। कमदी पेयजल योजना पर वर्तमान तक फर्म द्वारा किये गये कार्यों की स्थिति निम्नवत् है–<br>1. ग्राम पंचायत का नाम– कमदी<br>कुल सम्मिलित राजस्व ग्राम– 03<br>2. कुल हाउस कनेक्शन की संख्या– 479<br>पूर्ण किये गये हाउस कनेक्शन की संख्या–195<br>3. ट्यूबवेल– शत प्रतिशत पूर्ण<br>4. पम्प हाउस– प्लास्टर तक 90 प्रतिशत पूर्ण।<br>5. सोलर पैनल अधिष्ठापन – शत प्रतिशत पूर्ण<br>6. अवर जलाशय –(150कि०ली० / 16 मी०)<br>सेकेण्ड ब्रेस तक, 30 प्रतिशत<br>7. वितरण प्रणाली–<br>कुल लम्बाई– 7817 मीटर<br>पूर्ण – 5250 मीटर<br>8. बाउण्ड्रीवाल– प्लास्टर तक, 90 प्रतिशत पूर्ण<br>9. मार्ग पुनर्स्थापना का कार्य – 70 प्रतिशत पूर्ण<br>सम्बन्धित फर्म द्वारा ग्राम पंचायत कमदी में तोड़ी / काटी सड़कों को मोटरेबल करा दिया गया है। वर्तमान में ओ०एच०टी०, पम्प हाउस, बाउण्ड्रीवाल, हाउस कनेक्शन एवं पाइप लाइन के अवशेष कार्य प्रगति पर है। दिसम्बर, 2026 तक योजना का कार्य पूर्ण किया जाना लक्षित है। कार्य समयान्तर्गत पूर्ण कराकर जलापूर्ति प्रारम्भ करा दी जायेगी। |

भवदीय

(सुरेन्द्र कुमार)
अधिशासी अभियन्ता


पृ०सं० / / दिनांक / /2026


प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता(गो०क्षे०), उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), गोरखपुर।
3. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), गोण्डा।
4. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता / जू०इं०, खण्ड कार्यालय, बलरामपुर।

अधिशासी अभियन्ता

CamScanner



फोटोग्राफ्स–संलग्नक 01(ग्राम पंचायत कमदी, वि0ख0 हरैया सतघरवा, जनपद–बलरामपुर)

CamScanner